नवजात शिशु की जांच
आपके शिशु की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच

# नवजात शिशु की श्रवण-शक्ति की जांच



## आपके बच्चे की श्रवण शक्ति की जांच

Hindi

जन्म के समय सभी बच्चों की जांच की जाती है ताकि यह देखा जा सके कि सब कुछ ठीक-ठाक है। आपके बच्चे की स्वास्थ्य संबंधी जांच को 'स्क्रीनिंग' कहा जाता है।



## नवजात शिशु की श्रवण-शक्ति की जांच – मेरे बच्चे को इसकी क्यों जरूरत है?

आपको नवजात शिशु की श्रवण-शक्ति जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी, ताकि यह देखा जा सके कि आपके बच्चे को अच्छी तरह सुनाई देता है या नहीं। जाँच को इस प्रकार से डिजाइन किया जाता है ताकि मामूली से लेकर गंभीर श्रवण शक्ति के ह्रास का पता लगाया जा सके। यह जरूरी नहीं है कि इससे मामूली श्रवण शक्ति के ह्रास का पता लग सके। यदि बच्चे को कुछ सुनाई नहीं देता, तो उनके लिए समझना और आप से बातचीत करना मुश्किल है। यदि आपके बच्चे को कम सुनाई देता है, तो उसकी भाषा, शिक्षा एवं सामाजिक विकास के लिए यथाशीघ्र इसका पता लगाना बेहतर है।

## नवजात शिशु की श्रवण-शक्ति की जांच की क्या है?

आपके बच्चे की श्रवण-शक्ति की जांच करने के लिए, आपके बच्चे के कान पर एक ईयर कुशन रखा जायेगा और सॉफ्ट क्लिकिंग साउंड चलाया जायेगा। आपके बच्चे के सिर पर विशेष सैंसर रखे जाते हैं, और इन सैंसर्स द्वारा आपके बच्चे की श्रवण तंत्रिका की प्रतिक्रिया मिलती है। इसे ऑटोमेटेड ऑडिटरी ब्रेनस्टेम रिस्पांस या aABR स्क्रीनिंग कहा जाता है।



## नवजात शिशु की श्रवण-शक्ति की जांच कब और कहां की जायेगी?

सामान्यतया, आपके और आपके बच्चे के अस्पताल से घर जाने से पहले जांच की जाती है। यदि आपका बच्चा अस्पताल में नहीं पैदा होता या आपके घर जाने से पहले उसकी जांच नहीं हो पाती है, तो नवजात शिशु की श्रवण-शक्ति की जांच की सुविधा आपके स्थानीय हैल्थ क्लिनिक या अस्पताल के आउटपेशेंट क्लिनिक में उपलब्ध कराई जायेगी। सबसे अच्छा यह है कि आप अप्वाइंटमेंट के समय से पहले पहुंच जायें, ताकि आप अपने बच्चे को स्तनपान करा के उसे सोने के लिए शांत कर सकें।



## क्या इससे मेरे बच्चे को चोट पहुंचेगी?

न्यूबोर्न हियरिंग स्क्रीनिंग से आपके बच्चे को किसी भी तरह से चोट या नुकसान नहीं पहुंचता है और जांच के दौरान आप उसके साथ रह सकती हैं। यह आसान और सुरक्षित है - अधिकांश बच्चे इसे किये जाते समय सोते रहते हैं। एक जांच में 15–20 मिनट का समय लग सकता है और यह सबसे अच्छे तरीके से तब होता है, जब आपका बच्चा स्थिर या सोया हुआ हो।

## नवजात शिशु की श्रवण-शक्ति की जांच के बाद क्या होता है?

आपको उसी समय परिणाम बता दिया जायेगा।

कुछ बच्चों को अन्य जांचों की आवश्यकता होती है, क्योंकि पहले की जांच में एक या दोनों कानों में पर्याप्त प्रतिक्रिया नहीं देखी जा सकी थी। इसके निम्न कारण हो सकते हैं:

- आपका बच्चा अस्थिर था
- टैस्टिंग रूम (जांच के कमरे) में काफी शोर-शराबा था
- उस दिन, आपके बच्चे के कान के भीतरी हिस्से में तरल पदार्थ मौजूद था
- आपके बच्चे को श्रवण शक्ति का ह्रास हो सकता है।

यदि आपके बच्चे के हियरिंग स्क्रीनिंग के साथ ऐसा होता है, तो आपको दूसरे सत्र में बुलाया जायेगा, वो चाहे अस्पताल से जाने से पहले या आउटपेशेंट अप्वाइंटमेंट के रूप में।

## यदि जांच के दोहराये जाने पर भी स्पष्ट परिणाम नहीं दिखे, तो क्या होगा?

इसका अर्थ यह नहीं होता कि आपके बच्चे की श्रवण शक्ति का ह्रास हो गया है या उसे कम सुनने लगा है। आपको श्रवण शक्ति विशेषज्ञ (ऑडियोलॉजिस्ट) के पास निर्देशित किया जायेगा, जो कुछ और जांच करेंगे और आगे के लिए परामर्श देगें।

## आपके अधिकार

हैल्थ ऐंड डिसैबिलिटी सर्विसिज कन्ज़्यूमर्स राइट्स की आचार संहिता आपके अधिकारों की रक्षा करती है। अधिक जानकारी हेतु www.hdc.org.nz पर जाएं

हेल्थ इंफॉर्मेशन प्राइवेसी कोड (स्वास्थ्य सूचना गोपनीयता संहिता) आपके व्यक्तिगत ब्यौरे को सुरक्षित रखता है और आपको स्वयं के बारे में जानकारी एक्सेस करने व इसमें भूल सुधार करने की अनुमति देता है। अधिक जानकारी हेतु www.privacy.org.nz देखें



## कौन-सी जानकारी संग्रह की जाती है और किस तरह से इसका उपयोग किया जाता है?

इस स्क्रीनिंग के तहत, आपके स्थानीय अस्पताल और स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा आपके और आपके बच्चे के बारे में प्रोग्राम के लिए आवश्यक जानकारी संग्रह की जाती है।

संग्रह की गई जानकारियों में नाम, बच्चे की जन्मतिथि, संपर्क ब्यौरा, जाति, डॉक्टर और अन्य देखभाल करने वाले, श्रवण शक्ति जांच संबंधी सूचना एवं परिणाम शामिल होते हैं। इसका उपयोग निम्न के लिए किया जाता है:

- जानने के लिए कि बच्चे की स्क्रीनिंग की गई है
- फैमिली डॉक्टर और अन्य मैटरनिटी व हैल्थ केयरर को स्क्रीनिंग का परिमाण देने के लिए
- स्क्रीनिंग प्रोग्राम के निरीक्षण, मूल्यांकन एवं इसकी रिपोर्ट देने हेतु।

इस जानकारी को राष्ट्रव्यापी डेटा सिस्टम में रखा जाता है और इसका अन्य बाल स्वास्थ्य सूचना कार्यक्रमों और बी4 स्कूल चेक सहित वेल चाइल्ड तामारिकी ओरा सर्विसेज के साथ साझा किया जा सकता है।

यदि यह पाया जाता है कि आपके बच्चे को श्रवण शक्ति का ह्रास हुआ है, तो यह जानकारी शिक्षा मंत्रालय के साथ बांटी जाती है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आपको और आपके बच्चे को आरंभिक हस्तक्षेप सेवाएं प्रदान की जाएं। यह सूचना डेफनेस नोटिफिकेशन (बहरापन चेतावनी) डेटाबेस को भी दी जाती है।

किसी भी प्रकाशित रिपोर्ट में आपकी या आपके बच्चे की पहचान नहीं होती है।

## अतिरिक्त जानकारी

यदि आपके मन में कोई और सवाल हो तो कृपया अपने मुख्य मैटरनिटी केयरर या हियरिंग स्क्रीनर को इस बारे में बताएं।

साझा इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड्स के बारे में अधिक जानकारी http://ithealthboard.health.nz/our-programmes पर हासिल की जा सकती है।

वेल चाइल्ड तामारिकी ओरा चेक में अभिभावकों के लिए उनके बच्चे की श्रवण क्षमता, बोली और भाषा की प्रगति से जुड़े प्रश्न शामिल होते हैं। आपका बच्चा किस तरह से सुनता है या प्रतिक्रिया देता है, इस बारे में कोई भी चिंता होने पर, अपनी वेल चाइल्ड नर्स, अर्ली चाइल्डहुड टीचर या अपने डॉक्टर से चर्चा करें।

*स्वास्थ्य एवं शिक्षा मंत्रालय साथ मिलकर यूनिवर्सल न्यूबोर्न हियरिंग स्क्रीनिंग और अर्ली इंटरवेंशन प्रोग्राम का निरीक्षण एवं निगरानी करते हैं। श्रवण शक्ति के ह्रास वाले बच्चों व उनके परिवारों के लिए बेहतर परिणाम की दृष्टि से, यह किया गया था।*

*नवजात शिशु की श्रवण शक्ति की जांच के लिए अधिक जानकारी हेतु, नेशनल स्क्रीनिंग यूनिट की वेबसाइट पर जाएं: www.nsu.govt.nz*

यह संसाधन **www.healthed.govt.nz** पर
या आपके स्थानीय डीएचबी के अधिकृत प्रदाता के पास उपलब्ध है।

MINISTRY OF HEALTH
MANATŪ HAUORA
MINISTRY OF EDUCATION
Te Tāhuhu o te Mātauranga
Well Child Tamariki Ora
hpa health promotion agency
New Zealand Government
संशोधित जून 2015. Hindi. कोड **HE2492**